# एआई, डाटा सेंटर और हरित ऊर्जा में बड़े अवसर

## मंत्री पीयूष गोयल बोले–खनिज, ऊर्जा, तकनीक व आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग संभावित



**नयी दिल्ली, 24 नवंबर. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता मिलकर दोनों के लिए नये अवसर पेश करेगी. गोयल ने यहां भारत-कनाडा व्यापार चैंबर को संबोधित करते हुए कहा कि जरूरी खनिज, खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के भारत के प्रयास में कनाडा के साथ सहयोग की काफी गुंजाइश है.**

उन्होंने कहा कि भारत के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और अगली पीढ़ी के डाटा सेंटर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिये सबसे तेजी से बढ़ रही मानव क्षमता है. कनाडा और भारत को नैसर्गिक सहयोगी बताते हुए श्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों को मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत जरूरी खनिज, हरित ऊर्जा, वैमानिकी, रक्षा और विनिर्माण सहित सहयोग के विशेष क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिये. कनाडा का नवाचार और भारतीय क्षमता मिलकर दोनों देशों के लिए बड़े अवसर पैदा कर सकती है. केंद्रीय मंत्री ने बिजनेस-टू-बिज़नेस (बी-2-बी) सहयोग को बढ़ाने के लिए सीईओ फोरम (मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के फोरम) को फिर से शुरू करने और भारत के आने वाले एआई सम्मेलन में कनाडा के हिस्सा लेने की अपील की.

> गोयल ने कनाडा के व्यापारियों को 2047 तक भारत के विकसित देश बनने के सफर में सहयोगी बनने के लिए आमंत्रित किया. उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय तक सहयोग के लिए एक स्थिर, पारदर्शी और मौकों से भरा माहौल देता है और भरोसा जताया कि आने वाले वर्षों में भारत-कनाडा सहयोग और मजबूत होगा.

## अडानी समूह का परिचालन लाभ पहली छमाही में सात प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली, 24 नवंबर.** अडानी समूह की सभी कंपनियों (अडानी पोर्टफोलियो) ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 47,375 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ कमाया जो पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही से 7.09 प्रतिशत अधिक है. अडानी समूह द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि पहली छमाही में बुनियादी ढांचा कारोबार से प्राप्त परिचालन लाभ 8.51 फीसदी बढ़कर 40,913 करोड़ रुपये हो गया. इसमें यूटिलिटी का योगदान 23,239 करोड़ रुपये और परिवहन का 12,125 करोड़ रुपये का रहा. इन दोनों में सालाना आधार पर क्रमश: 3.27 प्रतिशत और 22.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी.

# एनबीएफसी का एयूएम 50 लाख करोड़ के पार

**जीएसटी सुधार और महंगाई में राहत से मांग में उछाल**

**वाहन, आवास और पर्सनल लोन में तेजी**




**मुंबई, 24 नवंबर. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के प्रबंधन में मौजूद परिसंपत्ति के मौजूदा और अगले वित्त वर्ष में 18-19 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है और मार्च 2027 तक यह 50 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है.**

बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल की सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गयी है. रिपोर्ट के अनुसार, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हाल में हुए सुधारों और लंबे समय से मुद्रास्फीति में नरमी की वजह से लोगों की व्यय योग्य आय बढ़ेगी जिससे वे ज्यादा निवेश करेंगे. क्रिसिल के मुख्य साख अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच वाहन और आवास ऋण में निरंतर वृद्धि होगी. एनबीएफसी जोखिम का आंकलन करते हुए ऋण देने में पूरी सतर्कता बरतेंगे, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और असुरक्षित ऋण के मामलों में. क्रिसिल के अनुसार, एनबीएफसी द्वारा दिये गये कुल ऋण में वाहन ऋण और आवास ऋण की हिस्सेदारी 22-22 प्रतिशत है. वाहन ऋण में मौजूदा और अगले वित्त वर्ष में 16-17 प्रतिशत की दर से वृद्धि की उम्मीद है. जीएसटी की दरों में कमी करने के बाद सभी श्रेणियों में वाहनों की बिक्री बढ़ी है.

> एनबीएफसी द्वारा दिये गये पर्सनल लोन में 22-25 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना जतायी गयी है. पिछले वित्त वर्ष में इस सिग्मेंट में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गयी थी. एनबीएफसी के एयूएम में पर्सनल लोग की हिस्सेदारी लगभग 11 प्रतिशत है. रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने की बढ़ी कीमतों और गोल्ड लोन देने में एनबीएफसी की रुचि के कारण गोल्ड लोन में तेज वृद्धि की उम्मीद है. फिलहाल एनबीएफसी के एयूएम में इसकी भागीदारी महज छह प्रतिशत है.

# नई औद्योगिक निवेश नीति सबसे अच्छी : कुंदन कुमार

**औद्योगिक निवेश नीति 2025 भारत की श्रेष्ठतम निवेश नीति**

**बिहार अन्य क्षेत्रों की तरह उद्योग और शहरी विकास में भी अग्रणी राज्य बनेगा**

**नयी दिल्ली, 24 नवम्बर. दिल्ली में बिहार सरकार के स्थानिक आयुक्त कुंदन कुमार ने बिहार सरकार की नयी औद्योगिक निवेश नीति 2025 को देश की सर्वश्रेष्ठ निवेश नीति करार देते हुए उद्योगपतियों से राज्य में निवेश करने की अपील की.**

श्री कुमार बिहार सरकार के निवेश आयुक्त एवं बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण के महानिदेशक भी हैं. श्री कुमार ने भारत मंडपम में बिहार दिवस के मौके पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, बिहार सरकार की औद्योगिक निवेश नीति 2025 भारत की श्रेष्ठतम निवेश नीति है, इसलिए मैं सभी से आह्वान कर रहा हूं कि आइए और बिहार में निवेश कीजिए. राज्य सरकार की ओर से मिलने वाले बेहतरीन पैकेज का लाभ उठाएं. उन्होंने कहा कि निवेशकों को राज्य सरकार की ओर से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा अन्य चीजों पर भी देश में सबसे आकर्षक छूट प्रदान की जा रही है. उन्होंने कहा कि जल्द ही बिहार अन्य क्षेत्रों की तरह उद्योग और शहरी विकास में भी अग्रणी राज्य बनेगा.

इस दौरान उन्होंने 44वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला के दौरान भारत मंडपम में स्थापित बिहार पवेलियन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिहार पवेलियन में हस्तकरघा, हस्तशिल्प, बिहार खादी बोर्ड, जीविका, बिहार सरकार के बीएडा और पर्यटन विभाग के 65 स्टॉल है. इनमें पांच जीविका दीदी, पांच बिहार खादी बोर्ड ,तीन बिहार सरकार के पर्यटन विभाग, दो बीएडा, दो आम्रपाली इंपोरियम, सुधा, बिहार का सुप्रसिद्ध कतरनी चावल, स्वर्ण मंसूरी और सोनम चावल सहित विभिन्न तरह उत्पादकों को प्रदर्शित किया गया है. न्होंने कहा कि इस बार बिहार पवेलियन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की थीम पर राज्य के सर्वश्रेष्ठ उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बिहार पवेलियन का भ्रमण करने और उनसे राज्य के उत्पादों के बारे में लोगों को जानकारी देने की गुजारिश की.

> बिहार 44वें भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला में साझेदार राज्य के तौर पर शामिल हुए है. बिहार दिवस के मौके पर भारत मंडपम के एमपीथिएटर एक में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिहार से आए लोक कलाकारों ने मनमोहक नृत्य और संगीत पेश कर लोगों का दिल जीत लिया. इस बार बिहार पवेलियन को लोक कलाओं से बेहतरीन रूप से सजाया गया है और यह लोगों को ध्यान बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रहा है.

# ब्रिटेन की सख्त टैक्स नीति से अमीरों का पलायन

**लंदन, 24 नवंबर. बढ़ते टैक्स और सख्त वित्तीय नीतियों ने ब्रिटेन के अमीर कारोबारियों का चैन छीन लिया है. दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी स्टील कंपनी आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन और भारतवंशी उद्योगपति लक्ष्मी मित्तल भी अब ब्रिटेन छोड़ने की तैयारी में हैं.**




1995 में लंदन शिफ्ट होकर ब्रिटेन की बिज़नेस दुनिया के सबसे प्रभावशाली चेहरों में शामिल हुए मित्तल अब टैक्स बढ़ोतरी की आशंकाओं के चलते अपना कर-निवास दुबई या स्विट्जरलैंड ले जाने की योजना बना रहे हैं. द संडे टाइम्स की रिपोर्ट बताती है कि लेबर पार्टी की नई सरकार अमीरों पर टैक्स का बोझ और बढ़ाने की तैयारी कर रही है. इनहेरिटेंस टैक्स 40 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और अब एग्जिट टैक्स 20% लगाने की चर्चाएं तेज हैं. कैपिटल गेन टैक्स पहले ही दो बार बढ़ाया जा चुका है. ऐसे में दुनिया भर के कई रईस ब्रिटेन से अपनी दूरी बढ़ाने लगे हैं. मित्तल का यह कदम ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर डाल सकता है क्योंकि वे न सिर्फ देश में भारी टैक्स देते रहे हैं, बल्कि हजारों नौकरियां और बड़े निवेश भी उनके खाते से आते रहे हैं.

# कॉलेज छात्रों को एआई से जोड़ रहा रिलायंस

**भोपाल, 24 नवबंर. रिलायंस जियो ने एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को हर भारतीय तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है. कंपनी मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न कॉलेजों में जाकर छात्रों को गूगल जैमिनी एआई, जीओ एआई क्लासरूम और अन्य उन्नत AI टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है.**

जियो के विशेषज्ञ अधिकारी कॉलेज कैंपस में छात्रों को 5जी तकनीक की उपयोगिता, भविष्य की संभावनाओं और रोजगारपरक लाभों के बारे में जानकारी दे रहे हैं. इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को बताया जा रहा है कि वे गूगल जैमिनी एआई की मदद से अपनी पढ़ाई, प्रोजेक्ट्स, प्रेजेंटेशन, कंटेंट क्रिएशन और भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को कैसे बेहतर तरीके से तैयार कर सकते हैं.

**जिओ जैमिनी प्रो प्लान अब सभी 5जी ग्राहकों के लिए मुफ्त**- रिलायंस जियो ने अपने 5जी ऑफर्स में बड़ा अपडेट करते हुए घोषणा की है कि जीओ जैमिनी प्रो अब सभी जियो अनलिमिटेड 5जी उपभोक्ताओं के लिए पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध होगा. इस प्लान में गूगल का उन्नत जैमिनी - 3 मॉडल शामिल है, जो अधिक स्मार्ट, तेज़ और सटीक ॣ अनुभव प्रदान करता है.

पहले यह सुविधा केवल सीमित उपयोगकर्ताओं तक सीमित थी, लेकिन अब इसे सभी 5 प्रतिशत उपभोक्ताओं के लिए लागू कर दिया गया है.

**35,100 का लाभ- 18 महीनों तक मुफ्त सेवा**- कंपनी के अनुसार, सभी जियो अनलिमिटेड 5जी ग्राहक जीओ जैमिनी प्रो प्लान का लाभ 18 महीनों तक

> **जियो का मुफ्त एआई क्लासरूम कोर्स भी शुरू**
> युवा शिक्षार्थियों के लिए जियो ने चार सप्ताह का मुफ्त ऑनलाइन भी शुरू किया है. इस कोर्स में प्रतिभागियों को विभिन्न एआई टूल्स, उनके उपयोग, वास्तविक उदाहरणों और व्यावहारिक प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी जाएगी. कोर्स को कोई भी विद्यार्थी या प्रोफेशनल डेस्कटॉप, लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर या जियोपीसी पर आसानी से पूरा कर सकता है.

## फर्जीवाड़े की शिकायत पर ट्राई ने बंद किए 21 लाख मोबाइल नंबर

**नयी दिल्ली, 24 नवंबर.** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने फर्जीवाड़े की शिकायत पर एक साल में 21 लाख मोबाइल नंबरों और एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की है. ट्राई ने बताया कि स्पैम और फर्जीवाड़े से जुड़े मैसेज भेजने के कारण उसने 21 लाख मोबाइल नंबरों और करीब एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए या तो उन नंबरों को बंद या ब्लैकलिस्ट कर दिया है.

उसने कहा है कि स्पैम कॉल या मैसेज वाले नंबरों को फोन में ब्लॉक करने भर से दूसरे लोग उससे सुरक्षित नहीं होते हैं जबकि ऐप पर शिकायत करने से उस नंबर पर कार्रवाई कर उसके बंद या ब्लैकलिस्ट कर देने से पूरे समाज की सुरक्षा होती है.

# एनबीसीसी और एनएमआरडीए के बीच करार

- **1710 एकड़ से अधिक का विकास**
- **परियोजना का मूल्य 2966 करोड़ रुपए है**

**नई दिल्ली, 24 नवंबर.** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन आने वाले नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने लगभग 692 हेक्टेयर (1,710 एकड़) में फैली महत्वाकांक्षी और एकीकृत टाउनशिप नवीन नागपुर परियोजना के विकास के लिए नागपुर मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एनएमआरडीए) के साथ एक औपचारिक करार पर हस्ताक्षर किए। यह करार 8 सितंबर, 2025 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) का हिस्सा है, जिसके माध्यम से एनबीसीसी को निष्पादन एवं कार्यान्वयन एजेंसी सहित परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया है। परियोजना के पहले चरण का मूल्य लगभग 2966 करोड़ रुपये है और यह इस क्षेत्र में सबसे बड़ी नियोजित शहरी विकास पहलों में से एक की शुरुआत है।

> नवीन नागपुर परियोजना एक आधुनिक, संधारणीय और भविष्य के लिए तैयार शहरी इकोसिस्टम की परिकल्पना करता है जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत और सामाजिक अवसंरचना शामिल होंगी। एनबीसीसी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में मुख्य भूमिका का निर्वहन करेगा और वित्तीय व्यवहार्यता अध्ययन करेगा, वास्तुशिल्पीय और इंजीनियरी डिजाइनों का समन्वय करेगा, निविदा प्रक्रियाओं का प्रबंधन करेगा, निर्माण कार्यक्रम की देखरेख करेगा और विश्व स्तरीय अवसंरचना की सुपुर्दगी सुनिश्चित करेगा।

# वेजले फूड्स के शाकाहारी उत्पादों की सराहना

**नई दिल्ली,24 नवम्बर. दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे 44वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के दूसरे दिन हॉल नंबर 12 में वेजले फूड्स के शाकाहारी उत्पादों का स्टॉल लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा. मेले की शुरुआत से ही वेजले के स्टॉल पर भारी भीड़ उमड़ रही है. शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने भी स्टॉल का अवलोकन कर उत्पादों की प्रशंसा की.**



वेजले फूड्स ने अपनी स्वदिष्ट व नवाचारी वेज रेसिपी के माध्यम से लोगों का ध्यान खींचा. कंपनी के निदेशक अमित बजाज और ब्रांड मैनेजर जितेंद्र अली ने बताया कि उनके उत्पाद स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं, जिनमें उच्च मात्रा में प्रोटीन, आयरन और फ़ाइबर मौजूद है तथा कोलेस्ट्रॉल का स्तर बेहद कम है. वेजले ने ऐसे लोगों के लिए भी विशेष उत्पाद तैयार किए हैं जो नॉनवेज नहीं खाते और न ही डेयरी उत्पाद.

**समाचार विशेष**

# फिर कर्नाटक में सीएम बदलने की सुर्खी?



## शिवकुमार के करीबी विधायकों ने दिल्ली में डाला डेरा, मचा सियासी बवाल!

**बेंगलुरु. कर्नाटक के डिप्टी मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के करीबी एक मंत्री और कई विधायक पिछले दिनों दिल्ली पहुंचे और फिर कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलें तेज हो गई हैं, और इसे नवंबर क्रांति भी कहा जा रहा है.**

हालांकि, सिद्धारमैया ने कई बार इन अटकलों को खारिज किया है. सिद्धारमैया ने बतौर मुख्यमंत्री ढाई साल पूरे कर लिए हैं और इसके ठीक बाद ही कई विधायक दिल्ली पहुंचे.

20 मई 2023 को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ा मुकाबला था, और कांग्रेस शिवकुमार को मनाने में सफल रही, जिसके बाद उन्हें डिप्टी मुख्यमंत्री बना दिया गया. उस समय कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि रोटेशनल मुख्यमंत्री फॉर्मूला के तहत एक समझौता हुआ था, जिसके अनुसार शिवकुमार ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन पार्टी ने इसे आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की थी. हालांकि, सिद्धारमैया ने इन खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वह पांच साल तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे.

**सीएम की कुर्सी पर लड़ाई**- शिवकुमार के कुछ करीबी विधायक चाहते हैं कि उनके नेता सीएम की कुर्सी पर काबिज हों. सूत्रों के मुताबिक, मंत्री एन चालुवरायस्वामी, विधायक इकबाल हुसैन, एच सी बालकृष्ण और एस आर श्रीनिवास दिल्ली पहुंचे थे. कुछ दिन पहले कई एमएलसी ने राष्ट्रीय राजधानी में डेरा डाला था और कांग्रेस महासचिवों से मुलाकात की थी.

हाल ही में चामराजनगर में एक सभा को संबोधित करते हुए, सिद्धारमैया ने संकेत दिया कि वह सीएम पद पर बने रहेंगे. उन्होंने कहा कि उनकी स्थिति शुरू से ही मजबूत रही है और भविष्य में भी ऐसा ही रहेगा.

> **मामला पार्टी, लीडरशिप पर छोड़ दिया : डीके सुरेश**
> इस बीच, शिवकुमार के भाई डी के सुरेश, जो पहले सांसद रह चुके हैं, ने कहा कि सिद्धारमैया अपने वादों से कभी नहीं हटते. जब उनसे पूछा गया कि क्या वह (सीएम) शिवकुमार से किया अपना वादा निभाएंगे, तो सुरेश ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है. उन्होंने बेंगलुरु में रिपोर्टर्स से कहा, बड़ी बातें आपको बड़े लोगों से ही पूछनी चाहिए. मैं ऐसे सवालों का जवाब कैसे दे सकता हूं? सुरेश के अनुसार, उनके भाई ने पार्टी के सीनियर नेताओं को जो भी जरूरी था, बता दिया था. उन्होंने यह भी कहा कि अब यह मामला पार्टी, उसकी लीडरशिप, कांग्रेस अध्यक्ष और राहुल गांधी पर छोड़ दिया गया है कि वे फैसला करें.

# निकाय चुनावों में मराठा ध्रुवीकरण की कोशिश

**मुंबई. महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव बहुत दिलचस्प होता है. इस बार का चुनाव भी अपवाद नहीं है. महाराष्ट्र के कुछ स्थानीय निकायों के चुनाव दो दिसंबर को हो रहे हैं और बाकी महानगरों के चुनाव जनवरी में होंगे. उससे पहले महाराष्ट्र की स्थानीय पार्टियां मराठा ध्रुवीकरण की कोशिश में लगी हैं.**

इससे कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियां अलग थलग हो सकती हैं. बताया जा रहा है कि शरद पवार और अजित पवार की एनसीपी के साथ एकनाथ शिंदे की शिव सेना का तालमेल हो सकता है. अगर ये तीन पार्टियां ज्यादातर निकाय चुनावों में एक साथ लड़ती हैं तो वहां मराठा ध्रुवीकरण होगा. तीनों के नेता मराठा हैं और अलग अलग क्षेत्रों में मजबूत असर रखते हैं. इनके असर वाले इलाकों में कांग्रेस और भाजपा दोनों को परेशानी होगी.

उधर इसी तरह का मराठा ध्रुवीकरण का प्रयास उद्धव ठाकरे भी करेंगे. वे कांग्रेस और शरद पवार की बजाय अपने चचेरे भाई राज ठाकरे के साथ तालमेल पर ज्यादा जोर दे रहे हैं. उनका प्रयास मराठा मानुष और हिंदुत्व के वोट को साथ लाना है. वे पुरानी शिव सेना को रिवाइव करने में लगे हैं.


**कब्जे की सूचना - (अचल संपति के लिए) नियम 8-(1)**

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL द्वारा यहां उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित प्रभारित किया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि, सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां "IIFL HFL" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री कौशल श्री रघुवीर श्रीमती रेणुका पटेल प्रॉस्पेक्ट नं. IL10447728 | पटवारी हल्का नं. 24, ग्राम रेगवा, मेन रोड, कसरावद, खरगोन, मध्य प्रदेश, 451228, भारत का पूरा टुकड़ा क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 1200.00, 960.00, 600.00 | रु. 390705.00/- (तीन लाख नब्बे हजार सात सौ पांच मात्र) | 08/08/2025 | 20/11/2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः 102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेसकोर्स रोड, इंदौर-452001, म.प्र. में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। या कॉर्पोरेट कार्यालयः आईआईएफएल टॉवर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-IV गुड़गांव, हरियाणा।

स्थानः मध्यप्रदेश
दिनांकः 25.11.2025
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया....रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री उमेश यादव डेयरी श्रीमती अंजू (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10356322) | पटवारी हल्का संख्या 53 का वह पूरा टुकड़ा, सरकारी स्कूल के पास, गाँव बरसलाये, कसरावद, खरगौन, मध्य प्रदेश, 451228 - भारत. क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफल- 836.00, 468.00, 585.00 | रु. 437882.00/- (रु. चार लाख सैंतीस हजार आठ सौ बयासी मात्र) | 07/08/2025 | 21/11/2025 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेस कोर्स रोड, इन्दौर-452001, मध्यप्रदेश /या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.
स्थान- इन्दौर, दिनांक- 25/11/2025
प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
Aadhar Housing Finance Ltd
**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069.
**पीथमपुर शाखा:** शॉप नंबर DUGF-46 एवं DUGF-47, संपत्ति नंबर 138 एवं 139, सुदर्शन कॉम्प्लेक्स एवं संस्कार वैली, महू-नीमच रोड, पीथमपुर, जिला - धार (मध्य प्रदेश)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम) | धरोहर संपति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 05110000324/ पीथमपुर शाखा) मनोज पटेल (ऋणी) स्वर्गीय लक्ष्मी बाई (कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से प्रतिनिधित्व) (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, सर्वे नंबर 57/3 पटवारी हल्का नंबर 55/109, ग्राम डेहरीसराय तहसील घाटाबिल्लोद जिला धार, मध्य प्रदेश - 454773, **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व: आम सड़क, पश्चिम: यशवंत ठाकुर का प्लॉट, उत्तर: कालूराम ठाकुर का प्लॉट, दक्षिण: चंद्रकांत का प्लॉट | 09-09-2025 एवं ₹ 5,12,221/- | 21-11-2025 |

स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 25.11.2025
प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**संशोधन सूचना**

**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय :** एडलवाइस हाउस, पहली मंजिल, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुम्बई - 400098. **CIN - U67100MH2007PLC174759**

इस समाचार पत्र में दिनांक **18.10.2025** को प्रकाशित **'ई-नीलामी बिक्री सूचना'** के संदर्भ में, कृपया निम्नलिखित उधारकर्ताओं के लिए नीलामी की विस्तारित तिथि नीचे दी गई तिथि के अनुसार पढ़ें:

| ऋण खाता सं./ बिक्री संस्थान | कर्जदार / सह-कर्जदार का नाम | संपत्ति का स्थान | पुरानी नीलामी तिथि | नयी नीलामी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 650014049146 | 1. **राज एग्री वर्ल्ड वाइड** (ऋणी), 2. **राजकुमार पंड्या** (जमानतदार एवं बंधककर्ता), 3. **श्रीमती प्रमिला पंड्या,** (जमानतदार एवं बंधककर्ता), 4. **श्री अंकुर पंड्या** (जमानतदार), 5. **श्रीमती नेहा पंड्या** (जमानतदार) | इंदौर | 25.11.2025 दोप. 12:00 बजे | 04-12-2025 |

अन्य शेष विवरण यथावत रहेगा।
दिनांक : 25.11.2025
स्थान : मुम्बई
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
Edelweiss Asset Reconstruction